आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– मुख्यमंत्री बनने के बाद नहीं खरीदी कोई नई सम्पति– भाजपा बेवजह कर रही बदनाम।
- पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रदेश में खनिजों के दोहन से प्राप्त राजस्व में 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज।
- केन्द्र ने हिमाचल को सी.आर.आई.एफ के तहत 2 सौ 39 करोड़ 45 लाख रूपये की धनराशि की स्वीकृत।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुक्खू सरकार के भर्ती व सेवा शर्तें कानून 2024 को रद्द करने के फैसले का किया स्वागत।
- स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को खुले रहेंगे सभी सरकारी स्कूल– शिक्षा निदेशालय ने जारी किए आदेश।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया है कि भाजपा के नेता उन्हें बेवजह बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में ए.डी.आर रिपोर्ट को लेकर भाजपा के आरोपों पर स्पष्ट करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कोई नई सम्पति नहीं खरीदी है और सारी सम्पति का विवरण चुनाव के दौरान सार्वजनिक किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को सम्पति या किसी अन्य मामले में संदेह है तो जांच एजैंन्सियां उपलब्ध हैं।

कांग्रेस विधायकों के भाजपा में जाने की अटकलों पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जो पार्टी छोड़ना चाहता है वो जा सकता है और कांग्रेस को विचारधारा से जुड़े लोगों की आवश्यकता है।

<u>मुख्यमंत्री</u>

प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान खनिजों के दोहन से प्राप्त राजस्व में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में उद्योग विभाग के तहत खनन विंग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2021–22 में मुख्य खनिज और लघु खनिजों से 2 सौ करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है जो वर्ष 2025–26 में बढ़ कर 3 सौ 40 करोड़ रूपये हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से केन्द्र सरकार ने चूना, पत्थर की रॉयल्टी की दरें संशोधित नहीं की है जिससे राज्य की राजस्व प्राप्ति पर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अपना हक प्राप्त करने के लिए इस मामले को प्रमुखता से उठाएगा।

विक्रमादित्य

केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने हिमाचल प्रदेश को सी.आर.आई.एफ 2026–27 के तहत 2 सौ 39 करोड़ 45 लाख रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि इसके तहत प्रदेश की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का उन्नयन किया जाएगा, जिससे विशेष रूप से सेब उत्पादक व बागवानी क्षेत्रों को बेहतर सड़क सम्पर्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस राशि में से 2 सौ 3 करोड़ 52 लाख रूपये छैला–नेरीपुल–यशवंत नगर, कुमारहट्टी सड़क के लिए मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा 35 करोड़ 93 लाख टिक्कर–जरोल–खमाडी सड़क के पूर्व पैकेज से शेष 16 किलोमीटर भाग के उन्नयन के लिए प्रदान किए गए हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार व लोक निर्माण विभाग के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप केन्द्र से ये मंजूरी मिली है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उच्चतम न्यायालय द्वारा सुक्खू सरकार के संविधान विरोधी हिमाचल प्रदेश भर्ती और सरकारी कर्मचारी सेवा शर्तें विधेयक 2024 को रद्द करने के फैसले का स्वागत किया है। शिमला से जारी एक बयान में नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि प्रदेश उच्च न्यायालय ने इस विधेयक को पहले ही रद्द कर दिया था लेकिन राज्य सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष याचिका दायर की थी। जयराम ठाकुर ने कहा कि कर्मचारियों के हितों से जुड़े मुद्दों पर नियमों के विरूद्ध कानून लाकर प्रदेश सरकार ने केवल अपने वित्तीय दायित्व को आने वाली सरकारों पर थोपने की साजिश की थी जो अब बेनकाब हो गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश एम.एस रामचंद्र राव की खंडपीठ ने कर्मचारियों को उनकी वरिष्ठता का लाभ नियुक्ति की तिथि से देने का आदेश दिया था जिसके खिलाफ सुक्खू सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में ये विशेष याचिका दायर की थी।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार ने सत्ता में आने के बाद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया है जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश की शिक्षा रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। चंबा ज़िला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगला के अतिरिक्त भवन का शिलान्यास करने के बाद आज जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात कही। रोहित ठाकुर ने कहा कि चंबा ज़िला में स्कूल भवनों के निर्माण व मुरम्मत कार्यों पर 5 करोड़ 38 लाख रूपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगला स्कूल के अतिरिक्त भवन के लिए बजट का प्रावधान कर दिया गया है और जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

दिशा निर्देश

प्रदेश में इस वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी सरकारी स्कूल खुले रहेंगे। इस संबंध में स्कूल शिक्षा निदेशालय ने सभी जिला उपनिदेशकों, प्राथमिक व उच्च और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। इन आदेशों के अनुसार, प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस पूरे

उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के माहौल में मनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, तहसील, उपमंडल और जिला मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोहों में विद्यार्थियों और स्कूलों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

राजेन्द्र राणा

भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र राणा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की घोषित सम्पति पर सवाल उठाए हैं। आज ऊना में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी घोषित सम्पति और उसमें हुई बढ़ौतरी को लेकर प्रदेश की जनता के सामने स्थिति स्पष्ट करें। राजेन्द्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री कहीं अपनी सम्पति में 7 सौ कनाल भूमि को शामिल करना तो नहीं भूल गए। राणा ने आरोप लगाया कि दिल्ली के द्वारिका में टैक्सपेयर की खून–पसीने की कमाई से 200 करोड़ की लागत से 100 कमरों का आलीशान 'हिमाचल निकेतन' बनाया गया है जिसे अब किसी बड़े सेठ के हवाले करने की चर्चा है। राजेंद्र राणा ने हमीरपुर के जोल सप्पड़ में सौ से अधिक पीजी कमरों के निर्माण पर भी सवाल उठाए हैं।

हर्ष महाजन

राज्य सभा सांसद हर्ष महाजन ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट कर पठानकोट–चंबा–भरमौर सड़क परियोजना का कार्य शुरू करने और इसे एन.एच.ए.आई के तहत लाने के लिए उनका आभार जताया। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय मंत्री के साथ हिमाचल प्रदेश से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क सम्पर्क और अधोसंरचना विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इससे पहले राज्यसभा में सांसद हर्ष महाजन के सवाल के जवाब में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हवाई सम्पर्क को मजबूत करने के लिए केन्द्र सरकार प्रतिबद्ध है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश दर्ज की गई है जिससे विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन से एक सौ 52 सड़क मार्ग अवरूद्ध है और 68 पेयजल योजनाएं व 72 ट्रांसफार्मर प्रभावित हैं। हालांकि आज कुछ इलाकों में धूप निकलने से सुविधाओं को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी रहा। उधर लाहौल स्पीति ज़िले में संसारीनाला–किलाड़– थिरोट–तांदी मार्ग रोहली और कडू नाला के बीच 30 व 31 जुलाई को वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा। ज़िला प्रशासन ने वाहन चालकों से इस दौरान वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील की है। मौसम विभाग ने कल 30 जुलाई को चंबा, कांगड़ा और मंडी में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जबकि कुल्लू, शिमला, सिरमौर और किन्नौर जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।